दिनांकः शिमला–171001 मार्च, 2017

सेंवा में

समस्त उप शिक्षा निदेशक,(उच्च)
हिमाचल प्रदेश ।
समस्त प्राचार्य,
राजकीय महाविघालय हिमाचल प्रदेश ।
समस्त प्राचार्य,
राजकीय संस्कृत महाविघालय हि0 प्र0 ।
समस्त प्रधानाचार्य,
डाईट हिमाचल प्रदेश ।
ग्रुप कंमाडर,
एन.सी.सी. हेडक्वाटर शिमला ।
समस्त कमाडिगं औफिसर ,हिमाचल प्रदेश ।
समस्त पुस्तकालयध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश ।

शिक्षा निदेशालय
10 MAR 2017
शिमला - 1

विषयः— अधिकारियों एवंम लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की वर्ष 2016–17 की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट भेजने बारे ।

ज्ञापनः—

उच्चतर शिक्षा निदेशालय के अधीनस्थ कार्यरत अधिकारियों एंवम लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की वर्ष 2016–17 की गोपनीय रिपोर्ट लिखने बारे सरकार द्वारा निर्धारित की गई समय सारणी के अन्तर्गत अप्रैल माह में सभी कर्मचारियों की गोपनीय रिपोर्टस निदेशालय को प्रेषित की जानी है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि उच्चतर शिक्षा निदेशालय के अधीनस्थ कुछ शिक्षा संस्थानों से गोपनीय रिपोर्ट समय पर प्रेषित नहीं की जा रही है केवल पदोन्नति के समय ही पिछले कई वर्षो की प्रेषित कर दी जाती है जिसके कारण यहां डी0पी0सी0 या अन्य सेवा सम्बन्धी मामले निपटाने में अनावश्यक विलम्ब होता है । गोपनीय रिपोर्ट लिखते समय रिपोर्टिग/पुनर्विलोकन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि क्या कर्मचारी द्वारा गोपनीय रिपोर्ट फार्म में अपना सेवा विवरण सही भरा गया है या नहीं । अपने अधीनस्थ सभी कर्मचारियों की गोपनीय रिपोर्ट वर्णानुक्रम/श्रेणी बार (Alphabetically/Category Wise) करने के उपरान्त निदेशालय को प्रेषित की जाये । यदि कोई कर्मचारी/अधिकारी अपनी गोपनीय रिपोर्ट निर्धारित समय पर प्रेषित नहीं करते हैं तो रिपोर्टिगं अधिकारी स्वयं अपने स्तर पर उनकी गोपनीय रिपोर्ट भरकर पुनर्विलोकन अधिकारी को प्रेषित करें तथा कर्मचारी गोपनीय रिपोर्ट को भरते समय अपनी जन्म तिथि व प्रथम नियुक्ति सुनिश्चित करें। समय सारणी को मध्य नजर रखते हुए इसके उपरान्त गोपनीय रिपोर्ट प्रेषित करने वाले कर्मचारियों की गोपनीय रिपोर्ट किसी भी सूरत में स्वीकृत नहीं की जाएगी और पदोन्नती एवम् अन्य वित्तीय लाभ के लिए सम्बन्धित् कर्मचारी स्वयं उतरदायी होंगें ।

अतः उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में सभी उप शिक्षा निदेशकों को निर्देश दिये जाते हैं कि अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों तथा लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की गोपनीय रिपोर्ट पूर्ण करके 30 अप्रैल से पूर्व निदेशालय को प्रेषित की जाये तथा गोपनीय रिपोर्ट के सम्बन्ध में समाप्ति पत्र(Completion Certificate) भी दिया जाये कि अपने जिले के अधीनस्थ सभी अधिकारियों एवम् लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की वर्ष 2016–17 की गोपनीय रिपोर्टस निदेशालय को प्रेषित कर दी गई है तथा कोई भी गोपनीय रिपोर्टस लम्बित नहीं है । गोपनीय

रिपोर्टस से सम्बन्धित समापित पत्र दिनांक 10–5–2017 से पूर्व निदेशालय में प्रेषित कर दिया जाये विलम्ब के लिए सारा उत्तरदायित्व सम्बन्धित उप शिक्षा निदेशक का होगा ।

इसे अतिआवश्यक समझा जाये

शिक्षा निदेशक(उच्च)
हिमाचल प्रदेश ।